देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 26.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को आधुनिक तकनीक से किया जा रहा मजबूत। अब टीवी स्क्रीन पर भी दिखेंगे आपदा संबंधी अलर्ट।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश भाजपा राज्य में जनसंपर्क अभियान चलाएगी।
- बागेश्वर जिले में जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई।
- 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अल्मोड़ा में एक माह का ''आओ हम सब योग करें'' अभियान चलाया जा रहा है।

आपदा अलर्ट

प्रदेश में आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अब डीटीएच प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी आपदा संबंधी अलर्ट प्रसारित किए जाएंगे। राज्य में अर्ली वार्निंग सिस्टम को सुदृढ़ करने के तहत डीटीएच के जरिए टेस्ट अलर्ट का सफल प्रसारण किया गया। पहले चरण में यह परीक्षण देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिलों में किया गया। परीक्षण के दौरान विभिन्न प्रमुख प्लेटफॉर्म पर टीवी स्क्रीन पर टेस्ट अलर्ट संदेश प्रदर्शित हुआ। यह संदेश लगभग 15 से 40 सेकंड तक स्क्रीन पर दिखाई दिया। इस प्रणाली के माध्यम से आपदा और मौसम संबंधी चेतावनियों का कुछ ही सेकंड में व्यापक स्तर पर प्रसारण संभव हो सकेगा। नई व्यवस्था के तहत टेलीविजन स्क्रीन पर सीधे संदेश दिखाई देने से लोगों का तत्काल ध्यान आकर्षित होगा। इससे अचानक बाढ़, भूस्खलन, भारी वर्षा, आकाशीय बिजली और लू जैसी घटनाओं से पहले लोगों को समय रहते सतर्क किया जा सकेगा। सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि उत्तराखंड भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील राज्य है, इसलिए समय पर चेतावनी का आमजन तक पहुंचना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि डीटीएच आधारित अलर्ट प्रणाली आपदा पूर्व चेतावनी तंत्र को अधिक व्यापक, त्वरित और प्रभावी बनाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आधुनिक तकनीकों के उपयोग से अर्ली वार्निंग सिस्टम को लगातार मजबूत कर रही है, ताकि किसी भी आपदा या गंभीर मौसम की स्थिति में समय रहते सटीक सूचना उपलब्ध कराकर जनहानि और नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

भाजपा / अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में जनसंपर्क अभियान चलाएगी। वहीं, उत्तराखंड भाजपा ने 5 से 21 जून तक चलने वाले इस अभियान के

तहत विश्वास, विकास और जनकल्याण का संदेश गांव–गांव पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि इस अभियान के तहत पार्टी नेता जनता के बीच जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां को गिनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इसको लेकर एक व्यापक अभियान चला जाएगा।

जिलाधिकारी

देहरादून के नए जिलाधिकारी के रूप में डॉ. आशीष चौहान ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने से पूर्व उन्होंने कोषागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों और कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कोषागार में सभी रिकॉर्ड को व्यवस्थित और सुरक्षित संरक्षण करने और डिजिटल माध्यम से पेंशनरों का सत्यापन कराने पर जोर दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध औरं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही चारधाम यात्रा प्रबंधन को सशक्त बनाना, आपदा प्रबंधन के कार्यो को समयबद्व पूरा करना और जनपद के विकास योजनाओं को त्वरित गति से पूरा कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

वनाग्नि/बागेश्वर

बागेश्वर जिले में जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं से वन संपदा के साथ–साथ वन्यजीवों पर भी खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में वन विभाग की टीम आग पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। छतीना क्षेत्र के जंगल में कल रात अचानक आग लगने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वन रेंजर श्याम सिंह करायत ने बताया कि प्राथमिक तौर पर आग लगने के पीछे अराजक तत्वों की भूमिका होने की आशंका जताई जा रही है। विभाग ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए विभाग लगातार निगरानी कर रहा है और प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई गई है। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि यदि जंगलों के आसपास किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत वन विभाग या प्रशासन को दें, ताकि समय रहते ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

योग शिविर

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के योग विज्ञान विभाग द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 मई से 21 जून –एक माह का "आओ हम सब योग करें" अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज–आर्य कन्या इंटर कालेज में छात्राओं के लिए एक माह तक विशेष निः शुल्क योग शिविर आयोजित किया गया है। छात्राओं को प्रतिदिन सामान्य योगाभ्यास

के साथ–साथ विभिन्न रोगों के उपचार के लिए योगासन, प्राणायाम, ध्यान आसन, भुजंगासन आदि यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया जा रहा है। योग विज्ञान विभाग के प्रधान योगाचार्य डॉ. गिरीश अधिकारी ने बताया कि योग शिविरों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य जीवन शैली, मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा, गंगा स्वच्छता और भारतीय संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया भी जा रहा है।

वहीं, छात्रा सिद्धि टम्टा और सपना आर्या ने कहा कि योग शिविर से विभिन्न यौगिक क्रियाओं को जानने के बाद वे अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।

<u>आंगनबाड़ी</u>

देहरादून के डोईवाला ब्लॉक की ग्राम पंचायत नागल बुलंदावाला के किशनपुर ग्रांट में नए आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया गया है। ग्राम प्रधान अंजू लोधी ने कहा कि नए केंद्र के शुरू होने से बच्चों और महिलाओं से जुड़ी गतिविधियों का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा और ग्रामीणों को सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि भवन न होने से बच्चों को परेशानी होती थी, लेकिन अब उनके लिए स्थायी भवन उपलब्ध हो गया है। वहीं, ब्लॉक प्रमुख डोईवाला गौरव सिंह ने कहा कि यहां आंगनबाड़ी केंद्र किराये के भवन में चल रहा था। अब भवन बनने से यहां बच्चों की संख्या भी बढ़ेगी।